खबर संक्षेप

इस दिवाली लोकल दिवाली मनाएंः सतना में 15 व्यापारिक संगठनों की बैठक में अपील

सतना। स्थानीय बाजार को मजबूत बनाने और ऑनलाइन शॉपिंग के प्रभाव से निपटने के लिए अस्पताल चौक स्थित ओम प्लाजा में 15 प्रमुख व्यापारिक संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम संयोजक पवन मलिक की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आगामी त्योहारों और शादी के सीजन को लेकर व्यापारियों ने गहरी उम्मीद जताई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि इस दिवाली लोग चीनी सामान और विदेशी पैक वस्तुओं के बजाय स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें। व्यापारियों ने अपील की कि त्योहारी खरीदारी में मिट्टी के दीये,हस्तशिल्प,स्थानीय मिठाइयां और फूल ही खरीदें,जिससे पैसा स्थानीय स्तर पर रहकर रोजगार और अर्थव्यवस्था को मजबूत करे। साथ ही, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स द्वारा कम कीमत के नाम पर ग्राहकों को भ्रमित करने और मात्रा में हेरफेर करने के प्रति सचेत किया गया। बैठक में बाहरी व अस्थायी व्यापारियों द्वारा सड़कों पर किए जा रहे अतिक्रमण और त्योहारों पर लगने वाली बैरिकेडिंग से बाजार की पहुंच प्रभावित होने पर चिंता जताई गई। व्यापारियों ने प्रशासन से सुगम यातायात,बेहतर पार्किंग व्यवस्था और स्थानीय व्यापार के हितों की रक्षा की मांग की है।बैठक में विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित 15 संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सतना में कांग्रेस का 'वोट बचाओ,देश बचाओ' अभियानः 1 नवंबर को दिल्ली में महारैली का ऐलान

सतना। जिला कांग्रेस कमेटी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में बड़े पैमाने पर नाम काटने का आरोप लगाते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला बताया है। रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सतना विधायक और जिला कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा और शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी ने कहा कि अनुच्छेद 326 के तहत मिले मताधिकार को साजिश के तहत छीना जा रहा है। मध्य प्रदेश में एस आई आर प्रक्रिया के दौरान लगभग 34.25 लाख नाम हटाए गए,जिससे अंतिम मतदाता सूची में 5.39 करोड़ मतदाता दर्ज हैं। कांग्रेस ने इस पूरी प्रक्रिया की पारदर्शी जांच और समयबद्ध निराकरण की मांग की है। इस मुद्दे को लेकर 25अक्टूबर से 25नवंबर तक ब्लॉक और बूथ स्तर पर घर-घर संपर्क,चौपाल व 'वोट रक्षक' अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ,देश बचाओ महारैली आयोजित होगी। साथ ही,25-26 नवंबर(संविधान दिवस) को कार्यकर्ताओं का जत्था ग्वालियर होते हुए दिल्ली कूच करेगा। लगभग 100 फोर व्हीलर वाहन दिल्ली जाएंगे जिसमें 500 से 1000 कार्य करता मौजूद रहेंगे।





खेल का महाकुंभः हाफ मैराथन-2026 में
22 राज्यों के 5 हजार से अधिक धावकों ने भरी हुंकार

सतना

रविवार की सुबह सतना शहर के लिए ऊर्जा,उत्साह और फिटनेस का एक नया इतिहास लेकर आई। पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में आयोजित सतना हाफ मैराथन-2026 में देश के 22 राज्यों से आए 5,029 धावकों ने पूरी जोश के साथ हिस्सा लिया। 'फिट इंडिया' अभियान की भावना को मजबूती देते हुए इस भव्य आयोजन ने पूरे विंध्य क्षेत्र में खेल भावना का अनूठा रंग बिखेर दिया।

मंत्रमुग्ध कर देने वाला शुभारंभ

सुबह ठीक 6बजे व्यंकट-1 स्कूल के मैदान से मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का भव्य शुभारंभ किया।इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग ने सतना शहर के उत्साह को देखते हुए इसे 'पिंक सिटी' का नया नाम दिया। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हैं,बल्कि पर्यावरण और सामाजिक एकता का भी सशक्त संदेश देते हैं। धावकों के उत्साह को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता को तीन प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया था।

5 किलोमीटर दौड़ः व्यंकट-1 स्कूल से शुरू होकर सर्किट हाउस चौक तक गई और वापस लौटी।

10 किलोमीटर दौड़ः कोलगवां थाना के सामने से होते हुए निर्धारित मार्ग से वापस आयोजन स्थल तक पूरी की गई।

21 किलोमीटर (हाफ मैराथन): इस सबसे लंबी और चुनौतीपूर्ण दौड़ के धावकों ने माधवगढ़ तक का सफर तय कर वापसी की।

सुरक्षा के रहे कड़े और चाक-चौबंद इंतजाम

महासमर जैसे इस आयोजन में धावकों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। पूरे रूट पर सड़क के दोनों किनारों पर भारी पुलिस बल के जवान और समर्पित निजी वालेंटियर मुस्तैद रहे,जिससे सभी धावकों ने बिना किसी बाधा के सुरक्षित तरीके से अपनी दौड़ पूरी की। इस ऐतिहासिक आयोजन की गरिमा बढ़ाने के लिए कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे। इस दौरान आनंदम मंत्री लखन पटेल, महापौर योगेश ताम्रकार,विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार,और विंध्य चैंबर के अध्यक्ष सतीश सुखेजा सहित तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहकर धावकों का उत्साहवर्धन करते दिखे।

गुटखा खिलाने से मना करने पर युवक पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

सतना। कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत टिकुरिया टोला के लखन चौराहा पर शनिवार रात एक मामूली सी बात ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। गुटखा खिलाने से इनकार करने पर दो युवकों ने एक कंपनीकर्मी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है,जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रीवा रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक झाड़ू बनाने वाली एक कंपनी में काम करने वाला 30वर्षीय साजन प्रजापति शनिवार रात लखन चौराहा स्थित एक पान की दुकान पर गया था। उसी दौरान वहां पहुंचे शाहिद खान और बाबू खान ने साजन से उन्हें गुटखा खिलाने की जिद की। साजन द्वारा मना किए जाने पर दोनों आरोपी आगबबूला हो गए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। वारदात के बाद मौके पर मौजूद परिजनों और स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ साजन को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे रीवा रेफर कर दिया। घायल साजन ने



पुलिस को दिए अपने बयान में खुलासा किया है कि आरोपी पहले भी उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। फिलहाल,कोलगवां थाना पुलिस ने घायल के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और दोनों फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

देवेंद्रनगर से चुरहट के बीच आज से शुरू होगी नियमित मेमू ट्रेन, यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत

सतना। क्षेत्रीय यात्रियों के दैनिक आवागमन को अधिक सुगम और आरामदायक बनाने के लिए रेलवे प्रशासन ने देवेंद्रनगर और चुरहट के मध्य नई आठ डिब्बों वाली इलेक्ट्रिक मेमू ट्रेन की नियमित सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। 24 अक्टूबर को उद्घाटन सेवा के सफल संचालन के बाद,अब 26 अक्टूबर 2026 से गाड़ी संख्या 61629/61630 देवेंद्रनगर-चुरहट-देवेंद्रनगर मेमू ट्रेन नियमित रूप से पटरी पर दौड़ेगी।

सप्ताह में 6 दिन रहेगा संचालन

यह ट्रेन रविवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन दोनों दिशाओं से संचालित की जाएगी। सतना,रीवा और गोविंदगढ़ जैसे प्रमुख स्टेशनों को जोड़ते हुए यह ट्रेन ग्रामीण और शहरी यात्रियों के समय और धन दोनों की बचत करेगी।

समय-सारणी एवं प्रमुख ठहराव

देवेंद्रनगर से चुरहट (गाड़ी संख्या 61629):

प्रस्थानः देवेंद्रनगर से प्रतिदिन (रविवार छोड़कर) सुबह 07:00 बजे

आगमनः चुरहट दोपहर 13:15 बजे

मुख्य ठहरावः फुलवारी,नागोद,बरैठिया,करही,सतना (09:00/09:10),कैमा,सकरिया,हिनौता राम बन, बघई रोड,तुर्की रोड,रीवा (10:40/10:50),सिलपरा, गोविंदगढ़,बघवार एवं रामपुर नैकिन।

चुरहट से देवेंद्रनगर (गाड़ी संख्या 61630-वापसी):

प्रस्थानः चुरहट से दोपहर 15:00 बजे

आगमनः देवेंद्रनगर रात 21:25 बजे

मुख्य ठहरावः रामपुर नैकिन,बघवार,गोविंदगढ़,सिलपरा,रीवा (17:20/17:30),तुर्की रोड,बघई रोड, हिनौतारामबन,सकरिया,कैमा,सतना (19:15/19:25),करही,बरैठिया,नागोद एवं फुलवारी।

आधिकारिक जानकारी व सहायता

यात्री ट्रेन से जुड़ी विस्तृत समय-सारणी और ठहराव की जानकारी के लिए भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं अथवा रेल मदद हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क कर सकते हैं।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का मैहर पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



मैहर। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के मैहर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेशनल हाईवे-30 स्थित कंचनपुर और केजेएस मोड़ पर उनका जोरदार स्वागत किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई 'रोमी भैया' तथा स्थानीय नेताओं के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं के साथ नेता प्रतिपक्ष का अभिनंदन किया,जिससे पूरे क्षेत्र में राजनीतिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश प्रजापति,शहर कांग्रेस अध्यक्ष सतेन्द्र कुशवाहा गुड्डू,मनीष पटेल,प्रभात द्विवेदी सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी की एकजुटता का संदेश दिया और नेता प्रतिपक्ष के आगमन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।



तिलौरा गांव में माइनिंग को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश,श्मशान और मंदिर का रास्ता बाधित

मैहर। जिले के ग्राम पंचायत तिलौरा में सीमेंट प्लांट की माइनिंग गतिविधियों के कारण ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन कार्य के चलते गांव की श्मशान भूमि और हजारों वर्ष पुराने संकट मोचन हनुमान मंदिर तक पहुंचने वाला मुख्य मार्ग बाधित हो गया है। इससे अंतिम संस्कार जैसी आवश्यक परंपराओं और धार्मिक गतिविधियों में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ये स्थल उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक आस्था के प्रतीक हैं, जिनका मार्ग बंद होना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से तत्काल हस्तक्षेप करने तथा वैकल्पिक मार्ग बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों की इस समस्या पर अब प्रशासन के रुख और कार्रवाई का इंतजार है।

बरहिया गांव के पंचमुखी हनुमान मंदिर में चोरी, चांदी के मुकुट और दानपेटी ले गए चोर



मैहर। नादन थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहिया गांव स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। शनिवार और रविवार की दरमियानी रात चोर चैनल गेट का कुंदा तोड़कर मंदिर के अंदर दाखिल हुए और भगवान हनुमान के पांच चांदी के छोटे-बड़े मुकुट,चांदी की एक आंख तथा दानपेटी चुरा ले गए। सुबह पुजारी पुनाशानंद महाराज के बेटे ने दानपेटी तालाब के पास पड़ी देखी, जिसके बाद घटना की जानकारी सामने आई।सूचना मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश और चिंता का माहौल बन गया। पुजारी की शिकायत पर नादन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है। मंदिर जैसी पवित्र जगह पर हुई इस वारदात से स्थानीय श्रद्धालुओं में भारी रोष है और सभी की निगाहें पुलिस की जांच पर टिकी हैं ताकि चोरों का जल्द खुलासा हो सके।

जनता और सरकार के बीच का पुल बने नवांकुर संस्थाएंः पाठक
मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक

सतना। मैदानी क्षेत्र में कार्य कर रही नवांकुर संस्थाएं अपने क्षेत्र के आवाम और सरकार के बीच पुल का काम करती हैं। उनका दायित्व है कि वह जनता की समस्याओं का निराकरण संबंधित विभागों से करने की पहल करें। सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने का प्रयास करें और यदि निदान संभव न हो तो उनकी आवाज सरकार तक पहुंचाने का काम करें। यह बात कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के रीवा संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने कही।

6 माह के कार्यों की समीक्षाः

कलेक्ट्रेट सभागार सतना में अपरान्ह 10.30 बजे से जिले की समस्त नवांकुर संस्था प्रमुख के साथ माह अप्रैल 2026 से अब तक परिषद की आयोजित गतिविधियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक के मुख्य अतिथि म.प्र. जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक रहे जबकि अध्यक्षता जिला समन्वयक आशीष ताम्रकार ने की। सुबह साढ़े 10 से शाम 5 बजे तक चली इस मैराथन समीक्षा बैठक में सतना और मैहर जिलों की ढाई दर्जन के करीब सेक्टर की चयनित नवांकुर संस्थाओं के 6 माह के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में शासन के जिला स्तर के विभागीय अधिकारी द्वारा उपस्थित



प्रतिभागियों को समसामयिक लोक कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। आमामी माह में किये जाने वाले अभियान/कार्यक्रमों के गतिविधियों के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में जिला समन्वयक आशीष ताम्रकार ने परिषद द्वारा संचालित मोबाईल एप एवं एमआईएस का संस्थाओं द्वारा उपयोग की समीक्षा एवं आयोजित कार्यक्रमों में गूगल लोकेशन की फोटाग्राफ्स एवं प्रतिवेदन अपलोड की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयक श्रीमती ममता सिंह,विश्वनाथ रैदास,प्रदीप तिवारी,अरूण प्रताप सिंह,नवांकुर संस्था प्रमुखों में सर्जना अध्यक्ष सुरेश दाहिया,काकी फाउंडेशन के वीपी सिंह,बृजेन्द्र प्रकाश दाहिया,जिला कार्यकाल से श्याम सुंदर मिश्रा एवं अनूप पाठक की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

धूमधाम से मनाई गई महाराजा अजमीढ़ जयंतीः स्वर्णकार समाज ने निकाली भव्य शोभा यात्रा,'स्वर्णकार गूंज' में उठे व्यापारियों के मुद्दे

सतना

शहर में रविवार को महाराजा अजमीढ़ जयंती के अवसर पर स्वर्णकार समाज द्वारा विभिन्न भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर में एक मनमोहक शोभायात्रा निकाली गई,जिसके पश्चात बीटीआई मैदान में 'स्वर्णकार गूंज' समारोह का आयोजन संपन्न हुआ।

पुष्पवर्षा के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

जयंती समारोह का शुभारंभ सुबह 11 बजे गुरुद्वारा मैदान से हुआ। महाराजा अजमीढ़ जी की नयनाभिराम झांकी से सजा रथ शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहा। यह यात्रा जयस्तंभ चौक और मुख्य बाजार से होती हुई बीटीआई मैदान पहुंची। मार्ग में स्थान-स्थान पर शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया।

कई राज्यों के प्रतिनिधि हुए शामिल

बीटीआई मैदान में आयोजित 'स्वर्णकार गूंज' कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के अलावा बिहार और उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों से स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधि सतना पहुंचे। समारोह के दौरान समाज के आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज को एकजुट करना तथा व्यापारियों के अधिकारों एवं उनकी समस्याओं पर सकारात्मक संवाद स्थापित कर समाधान खोजना है। इस वृहद कार्यक्रम में देश व प्रदेश के कई प्रमुख





जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने शिरकत की,जिनमें मुख्य रूप से राजेश वर्मा (सांसद,खगड़िया) कैलाश सोनी (पूर्व राज्यसभा सांसद) मुकेश टंडन (विधायक, विदिशा) विनय वर्मा (विधायक,उत्तर प्रदेश) अनंत कुमार सोनी (एकेएस विश्वविद्यालय) आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में समाज के उत्थान और व्यापारी सुरक्षा के संकल्प के साथ समारोह का समापन हुआ।

मैहर में उत्साह के साथ संपन्न हुई मेगा ट्रेजर हंट प्रतियोगिता



मैहर। जिला प्रशासन मैहर एवं माँ शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शहर में मेगा ट्रेजर हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। घंटाघर से शुरू हुई इस रोमांचक प्रतियोगिता का उद्देश्य नवीन गतिविधियों के माध्यम से जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना था। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,कलेक्टर विदिशा मुखर्जी और पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर लगभग 13 प्रतिभागियों को रवाना किया। प्रतियोगिता को आधुनिक और व्यवस्थित रूप देने के लिए क्यूआर कोड आधारित प्रक्रिया अपनाई गई थी,जिसके तहत प्रतिभागियों ने पहेलियों और लोकेशन के सुरागों के आधार पर विभिन्न पड़ावों को पार किया।रोमांचक मुकाबले में विद्युत विभाग के जेई विवेकानंद द्विवेदी ने प्रथम,पटवारी प्रशांत पाटिल ने द्वितीय और आरक्षक सोमेश सिंह परिहार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

पूनम की चांदनी में निकली श्री राज जी की दिव्य सवारी, 'रास के रमइया की जय' से गूंजा पन्ना

न जात-पात का भेद, न भाषा-प्रदेश की दीवारें, अनेकता में एकता की मिसाल बने सुंदरसाथ; अपने पिया के प्रेम रंग में रंगा नजर आया

देश-विदेश से उमड़ा जनसैलाब

पंचमी तक चलेंगी जागनी रास की लीलाएं, मान्यता है कि श्री राज जी की सवारी निकलते ही होती है अमृत वर्षा; घरों की छतों पर रखी जाती है खीर

पन्ना। प्रणामी संप्रदाय के प्रमुख तीर्थ पद्मावतीपुरी धाम पन्ना में अंर्तराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर रविवार की रात आस्था, प्रेम और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूनम की चांदनी में महामति श्री प्राणनाथ जी मंदिर परिसर स्थित ब्रह्म चबूतरे पर देश-विदेश से पहुंचे हजारों सुंदरसाथ श्रद्धालु अपने आराध्य के प्रेम रंग में रंगे नजर आए। आधी रात को जैसे ही बंगला जी मंदिर दरबार साहब से श्री राज जी महाराज की दिव्य सवारी रासमंडल के लिए निकली, पूरा पन्ना धाम 'रास के रमइया की जय' और 'श्री प्राणनाथ प्यारे की जय' के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भावविभोर होकर झूमने और नृत्य करने लगे।





दिव्य सवारी के साथ अमृत वर्षा की मान्यता, खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं श्रद्धालु

शरद पूर्णिमा की इस पावन रात्रि में श्री राज जी महाराज की दिव्य सवारी के दर्शन का विशेष आध्यात्मिक महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि जैसे ही श्री जी की सवारी निकलती है, अमृत की वर्षा होती है। इसी आस्था के चलते श्रद्धालु अपने-अपने घरों की छतों पर चांदनी में खीर बनाकर रखते हैं और सुबह उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। वहीं, पन्ना धाम में महोत्सव के दौरान रात्रि में ही हजारों सुंदरसाथ के बीच खीर का प्रसाद वितरित किया जाता है। श्रद्धालु इस प्रसाद को प्रेम और श्रद्धा के साथ ग्रहण कर स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं।

आधी रात को निकली दिव्य शोभायात्रा, पंचमी तक चलेंगी लीलाएं

महोत्सव की परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम बंगला जी मंदिर में सेवा, पूजा और आरती संपन्न हुई। इसके बाद रात्रि ठीक 12 बजे मंदिर के पुजारियों ने श्री राज जी महाराज के दिव्य सिंहासन को अपने कंधों पर धारण कर जयघोष के बीच शोभायात्रा निकाली। यह शोभायात्रा ब्रह्म चबूतरे पर स्थित रासमंडल पहुंची, जहां श्री जी की सवारी पधराई गई। अपने आराध्य की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। धार्मिक मान्यता के अनुसार महामति श्री प्राणनाथ जी ने अपने परम स्नेही सुंदरसाथ को श्री राज जी-श्यामा जी की अलौकिक अखंड रासलीला के दर्शन कराए थे। इसी परंपरा की स्मृति में प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया जाता है। पांच दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत पंचमी तक जागनी रास की लीलाएं चलेंगी। रविवार को दिनभर ब्रह्म चबूतरे पर वाणी चर्चा, वाणी गायन और भजन-कीर्तन के कार्यक्रम चलते रहे। स्थानीय विद्वानों के साथ दूर-दराज से आए साधु-संतों और महात्माओं ने महामति श्री प्राणनाथ जी के आध्यात्मिक संदेशों पर प्रकाश डाला। श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के पूर्व सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि शरद पूर्णिमा महोत्सव पन्ना की आध्यात्मिक परंपरा, प्रेम, समरसता और एकता का प्रतीक है। यहां देश-विदेश से आने वाले सुंदरसाथ जाति, भाषा और क्षेत्र के भेद से ऊपर उठकर अपने आराध्य के प्रेम में एकाकार हो जाते हैं। श्री राज जी महाराज की दिव्य सवारी, जागनी रास और खीर प्रसाद की परंपरा श्रद्धालुओं की अटूट आस्था को दर्शाती है।

खबर संक्षेप

देवर ने भाभी को पीटा, जान से मारने की धमकी दी

अमानगंज। थाना अमानगंज क्षेत्र के ग्राम अधरखुआ में शराब पीने से मना करने पर हुए विवाद में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रचना वर्मन (24), निवासी ग्राम अधरखुआ, अपने पति रोहित वर्मन के साथ घर के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान उनके देवर मोहित वर्मन के शराब के नशे में आने पर रोहित ने उसे शराब पीने से मना किया। इसी बात को लेकर आरोपी कथित तौर पर गाली-गलौज करने लगा और अपने भाई से उलझ गया। महिला ने बीच-बचाव किया तो आरोपी ने उसके दाहिने गाल और आंख के पास थप्पड़ मार दिए, जिससे उसे दर्द और सूजन आई। महिला के चिल्लाने पर पड़ोस में रहने वाली नत्थी बाई राजपूत, रवीता राजपूत और अर्जुन सिंह राजपूत ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया। आरोप है कि जाते समय आरोपी ने दोबारा शराब पीने से मना करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना 24 अक्टूबर 2026 की रात करीब 9रू30 बजे की बताई गई है। रात होने के कारण महिला तत्काल रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं पहुंच सकी और अगले दिन पति के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस कार्रवाई - फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 296(बी), 115(2) एवं 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत हरियाणा से दस्तयाब हुई नाबालिग बालिका, परिजनों के चेहरों पर लौटी खुशी

अमानगंज। थाना अमानगंज क्षेत्र के ग्राम खमरी निवासी एवं वर्तमान में नंदगांव (रामपुर) में रह रहे महेश प्रसाद आदिवासी की 17 वर्षीय बेटी के लापता होने के मामले में अमानगंज पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बालिका को हरियाणा के सोनीपत जिले के ग्राम नाहरी से दस्तयाब किया। जानकारी के अनुसार, बालिका के लापता होने पर उसके पिता ने थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों ने अपने स्तर पर आसपास के गांवों और रिश्तेदारियों में तलाश की, लेकिन बालिका का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बालिका को हरियाणा के ग्राम नाहरी से दस्तयाब किया। इस कार्रवाई में थाना अमानगंज के उपनिरीक्षक प्रीतम सिंह एवं महिला आरक्षक 810 श्वेता धुर्वे की भूमिका रही। दस्तयाबी के दौरान देवी सिंह यादव, निवासी ग्राम झरकुमा तारा, थाना अमानगंज भी गवाह के रूप में उपस्थित रहे। बालिका के सकुशल दस्तयाब होने से परिजनों ने राहत की सांस ली और परिवार के चेहरों पर खुशी लौट आई। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस की इस कार्रवाई से लापता बालिका की तलाश कर रहे परिवार को बड़ी राहत मिली।

दीपोत्सव पर्व की तैयारियां प्रारंभ

स्वसहायता समूह की महिलाएं बना रही गोबर व मिट्टी के दीये



पन्ना। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पन्ना जिले के स्वसहायता समूह की महिलाएं दीपावली पर्व के अवसर पर मिट्टी एवं गोबर के दीयों का निर्माण कर रही हैं। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी के मार्गदर्शन में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पन्ना द्वारा गोबर के दीये बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला ने बताया कि पन्ना विकासखण्ड के ग्राम रक्सेहा में वैष्णव माता स्वसहायता समूह की सदस्य पुष्पा मण्डल, मीना दास एवं अन्य सदस्यों द्वारा गौ काष्ठ के दीपकों का निर्माण किया जा रहा है। ग्राम संगठन रक्सेहा की अध्यक्ष ऊषा सरकार की प्रेरणा एवं सहयोग से इसे और अधिक निखारा जा रहा है। दीयों में गोबर का उपयोग किया जा रहा है, जो पर्यावरण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण एवं अनुकूल भी है। दीपावली में दीयों को घरों के अंदर व बाहर सजाने की परपंरा रही है। इसके अलावा गोबर को पवित्र एवं पर्यावरण का मित्र भी माना जाता है। समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे दीये बाजार में विक्रय के लिए भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस पहल और कार्य में ओमप्रकाश सोनी जिला प्रबंधक लघु उद्यमिता विकास, विवेक कुमार मिश्रा विकासखण्ड प्रबंधक पन्ना और क्लस्टर प्रभारी शीतल द्विवेदी आजीविका मिशन का विशेष योगदान है।

पुलिस द्वारा सलेहा थाना क्षेत्र से नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने, खरीद-फरोख्त एवं अनैतिक देह व्यापार में धकेलने के गंभीर मामले में 1 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में एवं 2 आरोपी गिरफ्तार

पीडिता की खरीद फरोख्त से मिली राशि में से 16500 रूपये की राशि बरामद

पन्ना। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा थाना सलेहा क्षेत्र की नाबालिग पीड़िता के साथ बहला-फुसलाकर ले जाने, खरीद-फरोख्त एवं अनैतिक देह व्यापार में धकेलने के गंभीर मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। मामले की पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2026 में एक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया । पीड़िता के नाबालिग होने के बावजूद उक्त आरोपी ने पीड़िता के साथ कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए । कुछ दिनो के बाद आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर पीड़िता को 01 लाख 50 हजार रूपये में एक अन्य व्यक्ति को बेच दिया गया। उक्त व्यक्ति ने भी पीड़िता को जबरन अपने साथ रखते हुए पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए। कुछ समय बाद उक्त व्यक्ति ने भी पीड़िता को एक अन्य महिला के हाथों बेच दिया । उक्त महिला पीड़िता को अपने साथ ग्राम गंगानगर (नकटी) में अपने कब्जे में रखकर उसकी इच्छा के विरुद्ध अनैतिक देह व्यापार में धकेल दिया । पीड़िता द्वारा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की जाती थी तथा देह व्यापार से प्राप्त राशि अपने पास रखी जाती थी। अगस्त 2026 में पीड़िता दस्तयाबी उपरान्त सकुशल घर पहुंचने के बाद पीड़िता ने परिजनों को अपने साथ हुई पूरी घटना की जानकारी दी । पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 281/2026, धारा 137(2), 64(2)(उ), 87, 98, 127(4), 144(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (ठछै), धारा 5स/6 पॉक्सो अधिनियम तथा धारा 5/6 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की जानकारी थाना प्रभारी सलेहा उनि शक्ति पाण्डेय सिंह द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया गया । मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के निर्देशन व अनु0 अधि0 पुलिस गुनौर श्री नवीन दुबे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सलेहा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के उचित दिशा निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा विवेचना मामले के आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 24 अक्टूबर को 01 विधि विरूद्ध बालक को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया साथ ही घटना में शामिल महिला एवं एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूंछताछ पर आरोपियों द्वारा घटना कारित किया गया जाना स्वीकार किया गया है। मामले आरोपी के कब्जे से महिला की खरीद फरोख्त में मिली राशि में से 16,500 रूपये की राशि बरामद कर जप्त की गई। मामले में शामिल एक अन्य आरोपी फरार है जिसे जल्द ही पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया जावेगा।



जप्त सामग्री - मामले में गठित पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पीड़िता की खरीद-फरोख्त में मिले पैसो में से आरोपियों के कब्जे से 16 हजार 500 रूपये जप्त किये गये हैं।

गिरफ्तार आरोपी - मामले में पुलिस टीम द्वारा 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर 01 विधिविरूद्ध बालक को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

सराहनीय योगदान - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि शक्ति पाण्डेय, सउनि भैयामन सिंह, प्र.आर. विपिन पाण्डेय, धन सिंह, तेजवती, आदित्य कुशवाहा, आर. गौरव सिंह, शैलेन्द्र अहिरवार, देवराज गौतम एवं महिला आर. अपेक्षा द्विवेदी का सराहनीय योगदान रहा।

मोटर साइकिल अनियंत्रित होने से भाई-बहन घायल, बड़ा हादसा टला



अमानगंज। थाना अमानगंज अंतर्गत बांधी कला गांव के पास अनियंत्रित मोटरसाइकिल से गिरने के कारण भाई-बहन को मामूली चोटें आईं। घटना के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज लाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल सचिन पटेल (21 वर्ष), पिता देशराज पटेल एवं उनकी बहन सुभाना पटेल, निवासी बमुरहा, मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान बांधी कला गांव के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई, जिससे दोनों गिर पड़े। घटना की सूचना पर 112 की टीम में तैनात प्रधान आरक्षक रामलखन राजपूत एवं पायलट हरि पटेल ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाने में मदद की। समय पर सहायता मिलने से दोनों को उपचार उपलब्ध कराया गया। दोनों को मामूली चोटें आने की जानकारी है।

पांच वर्ष से मुफ्त्र की वेतन लेने वाली स्वाति जैन पर कब होगी कार्यवाही

केमिस्ट स्वाति जैन देवरी सागर में अटैच पन्ना से ले रहीं वेतन



बड़े अधिकारी मेहरबान

पन्ना। जिले के शासकीय विभाग भगवान भरोसे चल रहे हैं। पन्ना जिले के शासकीय विभाग भगवान भरोसे चल रहे हैं अधिकारी कर्मचारियों की मनमानी चरम सीमा पर है अनेक कर्मचारी अधिकारियों के दबाव में काम कर रहे हैं पन्ना के कर्मचारी अन्य जिला में भी अटैच है जबकि वेतन पन्ना जिला से ले रहे तथा कर्मचारियों का भी भारी अभाव है। इसी प्रकार का मामला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय पी.एच.ई. विभाग से जुड़ा हुआ है जहां पर पूरे जिले से पेयजल के सैंपल जांच के लिए आते हैं उक्त विभाग में सैंपल जांच करने वाले कर्मचारी अधिकांश सेवा निवृत हो चुके हैं उसके बावजूद पन्ना में पदस्थ संविदा केमिस्ट स्वाति जैन पांच वर्ष से देवरी जिला सागर में मुख्य अभियंता एस के आधवान के आदेश से अटैच हैं तथा पन्ना से वेतन ले रही हैं वर्तमान समय में जल प्रशिक्षण शाला में पेयजल के सैंपल जांच करने के लिए सेवानिवृत हो चुके आर एस शुक्ला को फिर से संविदा में रखकर जांच कराई जा रही है पूरे जिले के सैंपल आने से एक कर्मचारी को भारी परेशानी हो रही है लेकिन बड़े अधिकारियों की मेहरबानी से स्वाति जैन को सागर में अटैच कर रखा है जानकारी के अनुसार श्रीमती स्वाति जैन की पदस्थापना वर्ष 2020 में पन्ना में हुई थी लेकिन वर्ष 2021 में तत्कालीन चीफ इंजीनियर एसके आधवन द्वारा उन पर सहानुभूति दिखाते हुए सागर अटैच कर दिया गया जबकि उनकी वेतन पन्ना से ही दी जा रही है उक्त मामले में एक और बड़ा घोटाला सामने आया है स्वाति जैन संविदा कर्मचारी हैं जिनको प्रसूति अवकाश विभाग से दिया गया वह 9 माह दिसंबर 2022 से सितंबर 2023 तक देवरी एवं पन्ना किसी भी कार्यालय में नहीं आई उसके बावजूद पन्ना जिले के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री महेंद्र सिंह द्वारा प्रत्येक माह वेतन दी जाती रही जबकि नियम अनुसार संविदा कर्मचारियों को केवल अवकाश मिलता है अवकाश की वेतन नहीं मिलती है केवल लगातार काम करने का ही वेतन मिलता है लेकिन अधिकारियों की मेहरबानी से सब संभव हो रहा है वर्तमान समय में श्री आधवन प्रदेश के प्रमुख अभियंता जिनकी मेहरबानी अभी भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने उक्त मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

इनका कहना है -

उक्त संबंध में मेरे द्वारा पूर्व में पत्राचार भी किया गया था, यह मामला बड़े अधिकारियों के लेवल का है। मेरे द्वारा केमिस्ट तथा अन्य कर्मचारियों के लिए टेंडर भी लगाया है जल्द ही और कर्मचारियों की भर्ती हो जाएगी अभी वर्तमान में शुक्ला जी काम कर रहे हैं। किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

संचित क्षेत्रपाल, कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई विभाग पन्ना

वोट बचाओ देश बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेस पार्टी की पत्रकार वार्ता

दिल्ली में आयोजित रैली में पहुंचेंगे जिले के कांग्रेसी

पन्ना। कांग्रेस पार्टी द्वारा वोट बचाओ देश बचाओ अभियान को लेकर पूरे देश में जिला स्तर पर पत्रकार वार्ताएं आयोजित की गई तथा विभिन्न मुद्दों एवं जानकारी से पत्रकारों को अवगत कराया गया जिससे समस्त जानकारी आम लोगों तक पहुंच सके पन्ना जिला मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव वीरेंद्र द्विवेदी जिला प्रभारी राजभान सिंह तथा अनीश खान अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मुख्य रूप से उपस्थित रहे जिनके द्वारा कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई आगामी 1 नवंबर को दिल्ली रामलीला मैदान में कांग्रेस पार्टी की विशाल रैली है जिसमें पूरे देश से इंडिया ब्लॉक के नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता सहभागिता निभाएंगे। इस दौरान जिला प्रभारी राजभान सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश में एस आई आर के आंकड़े मतदाता सूची में बड़े बदलाव हुए हैं प्रदेश भर में 5 करोड़ 74 लाख 6 हजार 143 मतदाता पंजीकृत थे लेकिन उक्त आंकड़ों में फिर बदल किया गया तथा प्रारूप मतदाता सूची में यह संख्या 5 करोड़ 31 लाख 31 हजार 983 हो गई जबकि अंतिम मतदाता सूची में 5 करोड़ 39 लाख 81 हजार 65 मतदाता दर्ज किए गए। पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान 34 लाख 25 हजार 78 नाम हटाए गए। इस प्रकार का फर्जीवाड़ा मतदाता सूचियां में चल रहा है जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी चिंतित है तथा अपने कार्यकर्ताओं को मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं जिनके नाम काटे गए हैं उनको पुनः जुड़वाने नए नाम को सम्मिलित करने की कार्यवाही में कार्यकर्ता बीएलओ अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। पत्रकार वार्ता के दौरान अनेक लोगों पर स्थित रहे जन्म मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला संगठन महासचिव राज बहादुर पटेल मार्तंड देव बुंदेला जीवन लाल सिद्धार्थ दीपक तिवारी मनीष मिश्रा मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा सुरेंद्र सिंह डॉक्टर कदीर खान आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



विप्र समाज द्वारा मनाया गया दशहरा मिलन कार्यक्रम समाज को संगठित एवं सशक्त करना ही प्राथमिक उद्देश्य



पन्ना। सर्व ब्राहम्ण समाज एवं अखिल भारतीय ब्राहम्ण एकता परिषद जिला इकाई पन्ना के संयुक्त तत्वाधान में विप्र समाज का दशहरा मिलन कार्यक्रम दिनांक 23/10/2026 दिन शुक्रवार को स्थानीय श्री रामजानकी मंदिर परिसर में बड़ी धूम-धाम से आयोजित किया, जिसमें प्रख्यात आचार्य गणों के द्वारा सर्वप्रथम भगवान श्री परशुराम के चित्र पर वैदिक मंत्रोपचार स्वास्तिक वाचन पूजन एवं आरती से प्रारंभ किया कार्यक्रम में पं. विजय शर्मा लोक गायक द्वारा शानदार भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिससे कार्यक्रम में अदभुत उत्साह बढ़ गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्व ब्राहम्ण समाज के अध्यक्ष पं. श्रीराम रिछारिया द्वारा संगठन के माध्यम से किये जाने वाले कार्य यज्ञोपवीत संस्कार सर्वेक्षण गरीब विप्रजनों की आर्थिक एवं सामाजिक सहायता संबंधी विशेष कार्यों की जानकारी बक्तव्य के माध्यम से दी गई इसी क्रम में प्रख्यात कवि पं. एस. के. चन्दपुरिया जी के द्वारा ब्राहम्ण समाज के ऊपर हो रहे अत्याचार एवं युवा पीढ़ी का समाज के प्रति रूचि रखने हेतु संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पं. श्री मुरारीलाल थापक, पं. श्री आर.पी. द्विवेदी एडवोकेट, विद्वान प्रो. टी.आर. नायक, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ श्री राजेश तिवारी, अखिल भारतीय ब्राहम्ण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष पं. श्री राजीव तिवारी, पं. श्यामनारायण तिवारी, मात्रशक्ति की ओर से पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता पाराशर आदि ने संबोधित करते हुए समाज में एकता एवं मजबूती के लिये सहयोग करने हेतु सभी का आवाहन किया। कार्यक्रम में शिक्षाविद आचार्य प्रदीप द्विवेदी, दीपक मिश्रा, रमेश पाठक, ऋषि पाण्डेय, आदि विभिन्न गायकों के द्वारा काव्य पाठ से मनमोहक प्रस्तुति दी।

खबर संक्षेप



कनेक्टिविटी से ही विकास के मार्ग खुलते हैं: सांसद विष्णु दत्त शर्मा

खजुराहो में इंडिगो के साथ अब एयर इंडिया की फ्लाइट भी हुई प्रारंभ

खजुराहो। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो में आज इंडिगो के साथ एयर इंडिया की फ्लाइट आज से प्रारंभ होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के संकुल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक एवं सांसद खजुराहो विष्णु दत्त शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कनेक्टिविटी से ही विकास के मार्ग खुलते है, उन्होंने कहा कि खजुराहो में एयर इंडिया की फ्लाइट प्रारंभ होने से जहां पर्यटकों को आवागमन में सरलता और सहजता रहेगी वहीं पर्यटन व्यवसाय में भी बढ़ोतरी होगी। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर दीप प्रज्वलन और केक कटिंग के साथ फीता काटकर और एयर इंडिया की फ्लाइट की प्रथम आगमन पर हरी झंडी दिखाकर यात्रियों का अभिवादन और पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया, एयरपोर्ट में उपस्थित अतिथियों का एयर इंडिया स्टाफ और खजुराहो एयरपोर्ट के अधिकारियों द्वारा सॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक अरविंद पटेरिया ने संबोधन में कहा कि खजुराहो में इंडिगो के बाद एयर इंडिया तथा दो-दो वंदे भारत की सौगात प्राप्त होने पर यहां के पर्यटन व्यवसाईयों में हर्ष व्याप्त है और अब पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी

खजुराहो एयरपोर्ट निदेशक संतोष सिंह ने बताया कि एयर इंडिया की 155 सीटर जहाज में आज पहले दिन की फ्लाइट में 42 पर्यटक आए हैं और 55 पर्यटक यहां से रवाना हुए हैं। उन्होंने बताया कि इसमें बिजनेस क्लास की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इंडिगो फ्लाइट में भी आज 155 यात्री आए हैं और खजुराहो से 142 यात्रा रवाना हुए हैं।

खजुराहो एयरपोर्ट में एयर इंडिया की फ्लाइट पहुंचने पर वाटर कैनन के द्वारा स्वागत हुआ और रनवे में खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा, विधायक अरविंद पटेरिया, नगर परिषद खजुराहो के अध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी एवं पन्ना भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा तथा खजुराहो एरोड्रम निर्देशक संतोष सिंह एवं खजुराहो सीआईएसएफ काशो ने एयर इंडिया तथा यात्रियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एयरपोर्ट खजुराहो से कृष्णा मोरे के द्वारा किया गया।

12 साल से फरार 7 हजार का इनामी वारंटी गिरफ्तार न्याय पथ अभियान के तहत पुलिस ने कुलपहाड़ से पकड़ा

लवकुशनगर।



पुलिस ने न्याय पथ अभियान के तहत चोरी के 12 साल पुराने मामले में फरार चल रहे 7 हजार के इनामी वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रमोद कुमार कुशवाहा पिता लखन लाल कुशवाहा निवासी ग्राम लमौरा, थाना कुलपहाड़ जिला महोबा को कुलपहाड़ से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी वर्ष 2014 में दर्ज चोरी के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 7 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस टीम ने तलाश के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्यवाही एसडीओपी नितिन पटेल, थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिवेंद्र त्रिवेदी के नेतृत्व में की गई।

देशज में गूँजी बुंदेली लोकधुनें, दिवारी नृत्य ने बिखेरी लोक संस्कृति की छटा



खजुराहो। मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा संचालित आदिवर्त जनजातीय एवं लोककला राज्य संग्रहालय, खजुराहो में आयोजित साप्ताहिक सांस्कृतिक श्रृंखला ' देशज के अंतर्गत शनिवार 24 अक्टूबर 2026 को बुंदेलखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति पर आधारित लोकगीतों एवं पारंपरिक दिवारी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम में बुंदेली संस्कार गीतों की मधुर स्वर-लहरियों और दिवारी नृत्य की ऊर्जावान प्रस्तुति के माध्यम से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के विविध रंग देखने को मिले।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं आमंत्रित कलाकारों के स्वागत के साथ हुआ। पहली प्रस्तुति लवकुशनगर की सुश्री माया जडिया एवं उनके साथी कलाकारों द्वारा बुंदेली संस्कार गीतों की दी गई। इन गीतों में बुंदेलखंड के पारंपरिक रीति-रिवाजों, पारिवारिक संस्कारों और लोकजीवन की आत्मीय झलक देखने को मिली। कलाकारों की सुरमयी प्रस्तुति ने बुंदेली लोकसंगीत की मिठास और उसकी विशिष्ट पहचान को सजीव कर दिया।

कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति छतरपुर के महेश कुशवाहा एवं साथी कलाकारों द्वारा दिवारी नृत्य की रही। बुंदेलखंड का यह पारंपरिक लोकनृत्य शौर्य, साहस, उत्साह और सामूहिकता का प्रतीक है। दीपावली के अवसर पर धनतेरस से लेकर दीपावली के बाद तक गाँव-गाँव में युवाओं की टोलियाँ दिवारी नृत्य प्रस्तुत करती हैं। इन टोलियों के प्रदर्शन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं।

खजुराहो के जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, 19 जुआरी गिरफ्तार



छतरपुर। जिले क़े खजुराहो थाना क्षेत्र अंतर्गत पवन नगर के पीछे स्थित नर्सरी के जंगल में चल रहे बड़े जुआ फड़ पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर 19 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मौके से 67,500 नगद, 14 मोटरसाइकिलें तथा 18 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। बरामद की गई कुल संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब 9 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि पवन नगर के पीछे नर्सरी के जंगल में बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मुख्यालय और अन्य थानों के बल के साथ संयुक्त टीम बनाकर बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से मौके पर भगदड़ मच गई, लेकिन पुलिस घेराबंदी कर 19 आरोपियों को धर दबोचा।

पकड़े गए आरोपियों में छतरपुर, खजुराहो, पन्ना, बमीठा, मातगुवां, राजनगर और सटई क्षेत्र के निवासी शामिल हैं। आरोपियों में कमलेश कायस्थ (बकायनमार्ग, छतरपुर), हरी उर्फ हरीशंकर साहू (देरी रोड, छतरपुर), प्रमोद यादव (बराई, खजुराहो), मानवेन्द्र पटेल (गांधी चौक, पन्ना), हरगोविंद (अचनार, खजुराहो), लखन (चौबे कॉलोनी, खजुराहो), संदीप (किशोरगंज, बमीठा), राजा सिंह (बिजावर रोड, मातगुवां), विकास (किशोरगंज, बमीठा), सुल्तान सिंह परिहार (अतर्रा, राजनगर), पिंकू यादव (खुशहाली मोहल्ला, राजनगर), भागचन्द्र पटेल (ढोंगरा मोहल्ला, सटई), राजू अवस्थी (अचनार, खजुराहो), राहुल सेन (अचनार, खजुराहो), मयंक उर्फ युवराज सिंह परमार (आगरा मोहल्ला, पन्ना), सोनू जायसवाल (आगरा मोहल्ला, पन्ना), जीतेन्द्र उर्फ नीलेश पटेल (चितरई रोड, खजुराहो), छोटू उर्फ दीपेन्द्र यादव (राजनगर), भरत अवस्थी (अतर्रा, राजनगर) शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों एवं मौके से फरार अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संगठित अपराध से संबंधित धाराओं एवं पब्लिक गैंबलिंग एक्ट (सार्वजनिक द्यूत अधिनियम) की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

शादी का झांसा देकर 5 साल तक दुष्कर्म कियोस्क संचालक गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

चंदला। थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां शादी का झांसा देकर एक महिला के साथ पांच साल तक दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगा है। नगर के वार्ड नंबर-2 स्थित कियोस्क बैंक संचालक प्रभात अग्रवाल के खिलाफ महिला की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पांच साल तक चला शारीरिक शोषण का दौर प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी प्रभात अग्रवाल पिछले पांच वर्षों से लगातार महिला को शादी का सपना दिखाकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। इस दौरान महिला लगातार आरोपी से अपने रिश्ते को वैवाहिक बंधन में बदलने की बात कहती रही। लेकिन जब भी शादी की बात सामने आती, आरोपी टालमटोल करता रहा।



वादे से मुकरा आरोपी तो महिला पहुंची थाने

पीड़िता का आरोप है कि हाल ही में जब उसने आरोपी पर शादी करने का दबाव बनाया, तो उसने साफ इनकार कर दिया। वादे से मुकरने और धोखेबाजी से आहत होकर पीड़िता ने हिम्मत जुटाई और सीधे चंदला थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई।

छतरपुर में वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेस की प्रेसवार्ता



छतरपुर के जिला कांग्रेस कार्यालय में वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को लेकर एक विशेष पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव और मध्य प्रदेश के सहप्रभारी रणविजय सिंह लोचव के विशेष आगमन पर आयोजित इस प्रेसवार्ता में आगामी राजनीतिक गतिविधियों और देश के अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए रणविजय सिंह ने कहा कि जिला स्तर, ब्लाक और ग्राम पंचायत स्तर से कांग्रेस के कार्यकर्ता आगामी 1 नवंबर को दिल्ली पहुंचेंगे जहां इंडिया एलाइंस का महाआंदोलन होगा। जिलाध्यक्ष गगन यादव ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर के आंदोलन में शामिल होने के लिए छतरपुर जिले के प्रत्येक ब्लॉक, गांव और हर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचेंगे। प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव रणविजय सिंह लोचव और कांग्रेस जिला अध्यक्ष गगन यादव ने संयुक्त रूप से पार्टी की आगामी रणनीति साझा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक नातीराजा, आबिद सिद्दीकी सहित जिले के तमाम वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

बकस्वाहा में समय पर नहीं मिल रही एंबुलेंस, मरीज परेशान

बकस्वाहा।

क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली सामने आ रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकस्वाहा से जिला अस्पताल छतरपुर रेफर होने वाले मरीजों को समय पर एंबुलेंस नहीं मिल पा रही है। इसके चलते मरीजों के परिजनों को मजबूरी में निजी वाहनों की व्यवस्था करनी पड़ रही है। रविवार को ऐसे दो मामले सामने आए, जिनमें घंटों इंतजार के बाद भी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। छतरपुर रोड पर हुए सड़क हादसे का है। हादसे में रामरति लोधी (35) और तेजी लोधी (40) घायल हो गईं। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया, लेकिन परिजनों के अनुसार, काफी देर तक इंतजार करने के बावजूद एंबुलेंस नहीं मिली। आखिरकार उन्हें निजी वाहन से अस्पताल ले जाना पड़ा। दूसरा मामला मच्छद्री निवासी ज्योति अहिरवार (18) का है। सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन उन्हें भी समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। ऐसे में परिजनों को निजी वाहन की व्यवस्था करनी पड़ी।

परिजनों का कहना है कि घंटों इंतजार करने के बाद भी एंबुलेंस नहीं मिलने से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिला मुख्यालय से दूरी के कारण क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिए जाने की शिकायत भी सामने आ रही है।

एक ही दिन में सामने आए दो मामले, निजी वाहनों से मरीजों को ले जाना पड़ा जिला अस्पताल



सटई में शासकीय डॉक्टर आवास पर रात के अंधेरे में चली जेसीबी

3 दिन में दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई, वरना उतरेंगे सड़कों पर : विधायक



छतरपुर। जिले की बिजावर विधानसभा अंतर्गत सटई नगर परिषद में कानून और नियमों को ताक पर रखकर रात के अंधेरे में शासकीय संपत्ति को ध्वस्त करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सटई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में महिला चिकित्सक के लिए तैयार हो रहे शासकीय आवास को रात के करीब 3 से 4 बजे के बीच जेसीबी चलाकर जमींदोज कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक राजेश शुक्ला भारतीय जनता पार्टी के मंडल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का सघन निरीक्षण कर प्रशासन की संदेहास्पद कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार किया और अधिकारियों को दो-टूक चेतावनी दी कि तीन दिनों के भीतर दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनता और कार्यकर्ताओं के साथ सड़कों पर उतरने को विवश होंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सटई अस्पताल परिसर में चिकित्सकों के रहने के लिए दो सरकारी क्वार्टर स्थित हैं। इनमें से एक क्वार्टर में डॉक्टर सपरिवार निवास कर रहे हैं, जबकि दूसरे क्वार्टर में एक नवपदस्थ महिला चिकित्सक के रहने की व्यवस्था की जा रही थी। इसके लिए संबंधित भवन में बकायदा रंग-रोगन, मरम्मत और नई बिजली वायरिंग का काम चल रहा था। जैसे ही कुछ स्वार्थी तत्वों की नजर इस पर पड़ी, उन्होंने प्रशासनिक नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए देर रात 3 से 4 बजे के बीच चोरी-छिपे जेसीबी मशीन बुलाकर पूरे आवास को मलबे में तब्दील कर दिया। सुबह जब अस्पताल स्टाफ और स्थानीय नागरिकों ने ध्वस्त इमारत देखी, तो पूरे नगर में हड़कंप मच गया।

रविवार को घटनास्थल पर पहुंचे बिजावर विधायक राजेश शुक्ला ने प्रशासनिक लापरवाही और मिलीभगत पर कड़ा आक्रोश जताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस भवन को डिसमेंटल करने का आदेश जनवरी 2025 में कलेक्टर द्वारा दिया गया था, लेकिन जब सभी विभागों से विधिवत एनओसी मांगी गई, तो लोक निर्माण विभाग समेत संबंधित विभागों ने साफ लिखकर दिया कि यह भवन गिराने योग्य नहीं है और इस कार्रवाई पर विधिवत रोक लगा दी गई थी। विधायक ने तीखा सवाल दागते हुए कहा कि जब दो साल से यह रोक प्रभावी थी और शासन के नियमानुसार जर्जर भवनों का निस्तारण केवल बारिश से पूर्व सुरक्षा कारणों से किया जाता है, तो फिर दो साल की बारिश बीत जाने के बाद आखिर रात के 3 बजे ऐसी कौन सी आपदा आ गई कि पूरी इमारत को ही नेस्तनाबूद कर दिया गया? विधायक राजेश शुक्ला ने इस कृत्य को गंभीर आपराधिक साजिश करार देते हुए कहा कि आज शासकीय संपत्ति को इस कदर नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों के हौसले इतने बुलंद हैं कि कल वे अपने निजी स्वार्थ के चलते सटई में 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन नए अस्पताल भवन को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शासकीय संपत्ति का ऐसा विनाश बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने मौके पर ही तहसीलदार, थाना प्रभारी (टीआई), ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) और मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को तलब किया और नियमों का उल्लंघन करने वाले तत्वों की पहचान कर बिना किसी दबाव के सीधी एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

इस पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद की भूमिका पर गहरे सवाल खड़े हो रहे हैं। किसी भी शासकीय संपत्ति के निस्तारण के लिए लोक निर्माण विभाग की तकनीकी रिपोर्ट, मूल्यांकन और सक्षम प्राधिकारी की अनुमति अनिवार्य होती है। इसके बावजूद न तो बीएमओ को इसकी भनक लगी और न ही नगर परिषद सीएमओ रामस्वरूप अवस्थी ने कोई वैध दस्तावेज दिखाया। सीएमओ का यह कहना कि उन्हें जानकारी ही नहीं है कि भवन किसने तोड़ा, उनकी कार्यशैली और संदेहास्पद चुप्पी को उजागर करता है। वहीं स्थानीय स्तर पर नगर परिषद अध्यक्ष के पति के कथित मौखिक निर्देशों पर इस अवैध कृत्य को अंजाम दिए जाने की चर्चाएं जोरों पर हैं, जिससे प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह कठघरे में आ गया है।

विधायक राजेश शुक्ला ने प्रशासन को साफ चेतावनी देते हुए कहा, हमने अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है कि इसमें पूरी गंभीरता से जांच कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज की जाए। यदि ऐसी घटनाओं पर पर्दा डाला गया, तो अपराध की पुनरावृत्ति होगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी। प्रशासन के पास तीन दिन का समय है; यदि नियमसंगत ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो हमें जनहित में सड़कों पर उतरना पड़ेगा। अधिकारी ऐसी नौबत न आने दें और निष्पक्ष कार्रवाई करें। विधायक के इस सख्त रुख के बाद अवैध रूप से भवन गिराने वाले सिंडिकेट और लापरवाह अधिकारियों में हड़कंप का माहौल है।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर



छतरपुर। गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम ऊजरा में पुरानी दुकानदारी की रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यहाँ बीते दिन कुछ लोगों ने रंजिश के चलते संदीप यादव 35 वर्ष पुत्र जगदीश यादव को घेर लिया और लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ मारपीट कर उन्हें लहूलुहान कर दिया।

घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में घायल संदीप यादव को जिला अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत ग्वालियर रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है।

आचार्यश्री विद्यासागर जी के अवतरण दिवस पर पांच दिवसीय फिजियोथेरेपी शिविर का हुआ शुभारंभ



छतरपुर। शरद पूर्णिमा पर संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज जी के अवतरण दिवस गुरु उपकार दिवस के रूप मनाते हुए छतरपुर जैन समाज एवं जैन मिलन द्वारा 5 दिवसीय फिजियोथेरेपी कैंप का शुभारंभ जैन समाज अध्यक्ष अरुण जैन अव्वू मंत्री डेरा पहाड़ी इंजी आर के जैन, उपाध्यक्ष प्रमोद सेठ, समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र अग्रवाल, प्रो. सुमति प्रकाश जैन, योगाचार्य रामेश्वर दयाल सोनी की उपस्थित में आचार्यश्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। यह शिविर 25 से 29 अक्टूबर तक निरंतर प्रातः 9 बजे से 01 बजे तक एवं सायंकाल 4 बजे से 7 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर सभी मंचासीन अतिथियों ने अपने संबोधन में नगरवासियों से इस शिविर का लाभ उठाने का आव्हान करते हुए इसे समाज की एक सार्थक पहल बताया। इस कैंप के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए रीतेश जैन पूर्व उपाध्यक्ष जैन समाज एवं पंकज जैन क्षेत्रीय संयोजक भारतीय जैन मिलन ने बताया कि इस कैंप में डॉ. राम मनोहर लोहिया आरोग्य जीवन संस्थान हनुमानगढ़ राजस्थान के अनुभवी थैरेपिस्ट कैलाश कुमार एवं थैरेपिस्ट देवेंद्र राठौर एवं उनकी टीम द्वारा फिजियोथेरेपी की आधुनिक विधियों चायरोप्रेक्टर, वाइब्रेशन, नाभि एलाइनमेंट, कम्पिंग, इन्फ्रारेड, सुझोक द्वारा उपचार किया गया। जो भी व्यक्ति घुटनों के दर्द, गर्दन दर्द, सर्वाइकल, जोड़ों के दर्द, साइटका, माइग्रेन, हाथ पैरों में सुन्नता एवं झनझनाहट, शुगर, बीपी, मोटापा, गैस कब्ज, एसिडिटी, ओस्टियोआर्थराइटिस जैसी बीमारियों से जूझ रहे व्यक्ति इस कैंप का लाभ उठा सकते है।

रोझौही पहुंचे नेता प्रतिपक्ष बोले किसी भी कीमत पर नहीं लगने देंगे न्यूक्लियर प्लांट

नौवें दिन भी जारी रहा आंदोलन,कांग्रेस के हल्ला बोल से बढ़ा विरोध

रीवा।

जिले के रोझौही गांव में प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट को लेकर विरोध तेज हो गया है। परियोजना के खिलाफ एक महीने से अधिक समय से चल रहे आंदोलन में अब कांग्रेस भी खुलकर सामने आ गई है। जल सत्याग्रह के दौरान विमला देवी की मौत के बाद आंदोलनकारियों में नाराजगी बढ़ गई है। इसी बीच मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार रविवार सुबह रोझौही पहुंचे। उन्होंने आंदोलनकारी ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और परियोजना का विरोध करते हुए स्पष्ट कहा कि रोझौही में किसी भी कीमत पर न्यूक्लियर पावर प्लांट नहीं लगने देंगे। सिंघार ने मृतका विमला देवी के परिजनों को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी दी। रोझौही पहुंचे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रस्तावित परमाणु बिजली परियोजना को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की जमीन, जीवन, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़े सवालों को नजरअंदाज करके विकास की योजनाएं आगे नहीं बढ़ाई जानी चाहिए। जब ग्रामीण और किसान लगातार विरोध कर रहे हैं, तो सरकार को उनकी बात सुननी चाहिए। सिंघार ने परियोजना से जुड़े संभावित पर्यावरणीय प्रभावों और सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि ग्रामीणों की आशंकाओं का समाधान किया जाना चाहिए। परियोजना की सुरक्षा व्यवस्था और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों से संबंधित तथ्य सार्वजनिक होने चाहिए, ताकि लोगों को वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके। उन्होंने आंदोलनकारियों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस इस लड़ाई में उनके साथ खड़ी है। ग्रामीणों की मांगों को









विधानसभा से लेकर सड़क तक उठाया जाएगा। उनके दौरे के बाद परियोजना को लेकर जारी विरोध को राजनीतिक समर्थन मिलने से आंदोलन और चर्चा में आ गया है।बॉक्स

विमला देवी के निधन पर जताया शोक, परिवार को दी आर्थिक सहायता

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मृतका के परिजनों से मुलाकात की और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने परिवार को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता देकर इस कठिन समय में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। विमला देवी की मौत को लेकर आंदोलनकारी और परिजन प्रशासन के रुख से नाराज हैं। उनका आरोप है कि आंदोलन से जुड़े लोगों की समस्याओं और चिंताओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। वहीं, प्रशासन ने विमला देवी की मौत को आंदोलन से संबंधित मानने से इनकार करते हुए इसे सामान्य मौत बताया है।प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच इस मुद्दे पर मतभेद बने हुए हैं। बॉक्स

नौवें दिन भी जारी रहा जल सत्याग्रह, रातभर डटे रहे ग्रामीण

रोझौही में प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का जल सत्याग्रह रविवार को नौवें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारी रातभर टॉर्च की रोशनी और अलाव के सहारे आंदोलन स्थल पर डटे रहे। ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना को लेकर उनकी चिंताएं केवल वर्तमान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जमीन, खेती, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से भी जुड़ी हैं।आंदोलनकारियों की मांग है कि परियोजना से संबंधित सुरक्षा और पर्यावरणीय तथ्यों को सार्वजनिक किया जाए। साथ ही उनकी आशंकाओं पर प्रशासन गंभीरता से संवाद करे। ग्रामीण चाहते हैं कि परियोजना को लेकर कोई भी निर्णय लेने से पहले स्थानीय लोगों की समस्याओं और आपत्तियों पर सुनवाई की जाए। आंदोलन में आम आदमी पार्टी भी सक्रिय है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा का आमरण अनशन चौथे दिन में पहुंच गया। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि उन्हें हिरासत में लेने की कोशिश की गई, जिससे प्रदर्शनकारियों में नाराजगी बढ़ी।

विमला देवी की मौत के बाद मैदान में उतरीं कांग्रेस

रोझौही में आंदोलन को समर्थन देने के लिए कांग्रेस ने शनिवार को हल्ला बोल प्रदर्शन किया। स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रस्तावित परियोजना का विरोध करते हुए ग्रामीणों की मांगों का समर्थन किया। विमला देवी की मौत के बाद कांग्रेस की सक्रियता बढ़ी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी आंदोलनकारियों के बीच पहुंचे।सिंघार ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। आंदोलनकारियों ने उन्हें परियोजना से जुड़ी अपनी आशंकाओं और मांगों से अवगत कराया। कांग्रेस नेताओं ने भरोसा दिलाया कि ग्रामीणों की आवाज को राजनीतिक मंचों पर उठाया जाएगा।



स्वामित्व योजना के भू अधिकार पत्रों के पंजीयन के लिए 30 तक लगेंगे शिविर

रीवा । रीवा जिले में स्वामित्व योजना से पात्र हितग्राहियों को जारी किए गए भू अधिकार पत्रों के निशुल्क पंजीयन का कार्य शत प्रतिशत पूरा करने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत में 30 अक्टूबर तक शिविर लगाकर भू अधिकार पत्रों का पंजीयन किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि शिविर संबंधित ग्राम पंचायत में लगाए जा रहे हैं। इस शिविर में पटवारी ग्राम पंचायत सचिव ग्राम रोजगार सहायक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहती है। शिविर में ही हितग्राहियों के आधार अपडेशन और ई केवाईसी की भी कार्रवाई दो दिनों में पूरी की जाएगी। ग्राम पंचायत के साथ-साथ पंचायत में उपलब्ध कॉमन सर्विस सेंटर का भी इनीशिएशन के लिए उपयोग किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा है कि स्वामित्व योजना से लाभान्वित हितग्राहियों की भू अधिकार पत्रों का निशुल्क पंजीयन कराने का अनुरोध है। सभी हितग्राही 30 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले शिविरों में शामिल होकर भू अधिकार पत्रों का निशुल्क पंजीयन कराले। ऑनलाइन पंजीयन न करने पर हितग्राही योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं ।पंजीयन होने से आपके आवास की जमीन का मालिकाना हक आपको वैधानिक रूप से मिल रहा है। इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं। कलेक्टर ने कहा है कि सभी एसडीएम और तहसीलदार भू-अभिलेख पंजीयन के लिए चिन्हित पटवारी हल्को को प्रतिदिन का लक्ष्य देकर 5 दिनों में भू अधिकार पत्रों का शत प्रतिशत ऑनलाइन पंजीयन करायें। कार्य पूरा होने तक कोई भी राजस्व अधिकारी अपने तय मुख्यालय से बाहर नहीं जाएगा। सभी तहसीलदार तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर हर घंटे में स्वामित्व योजना की प्रगति की रिपोर्ट दें। जिन पटवारियों के पास 20 से अधिक पंजीयन शेष है उनकी प्रतिदिन समीक्षा होगी।

जुड़वा बच्चों में एक की मौत, दूसरे को अस्पताल में छोड़कर चले गए परिजनः गांधी मेमोरियल अस्पताल के शिशु वार्ड में लावारिस मिला जीवित नवजात, पुलिस परिजनों की तलाश में जुटी

रीवा। गांधी मेमोरियल अस्पताल में एक संवेदनशील मामला सामने आया है। जुड़वा बच्चों में से एक की मौत के बाद परिजन प्रसूता और मृत नवजात का शव लेकर अस्पताल से चले गए, जबकि दूसरे जीवित बच्चे को शिशु वार्ड में ही छोड़ दिया। जब अस्पताल प्रबंधन को इसकी जानकारी मिली तो हड़कंप मच गया। मामले की सूचना संजय गांधी अस्पताल चौकी पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने नवजात के परिजनों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बुधवार को एक प्रसूता ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। जन्म के बाद दोनों में से एक नवजात की मौत हो गई। इसके बाद परिजन प्रसूता और मृत बच्चे



को लेकर अस्पताल से चले गए। लेकिन जीवित बचे दूसरे नवजात को अपने साथ नहीं ले गए। शिशु वार्ड में बच्चा अकेला मिलने पर अस्पताल कर्मचारियों को इसकी जानकारी हुई। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर परिजन जीवित नवजात को अस्पताल में छोड़कर क्यों चले गए? क्या इसके पीछे कोई पारिवारिक परिस्थिति है, आर्थिक परेशानी है या कोई दूसरी वजह फिलहाल इन सवालों के जवाब सामने नहीं आए हैं। परिजनों की पहचान और उनके अस्पताल छोड़कर जाने के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है।

चिकित्सकों की निगरानी में नवजात

अस्पताल में लावारिस मिले जीवित नवजात को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद अब परिजनों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि परिजन बच्चे को अस्पताल में छोड़कर किन परिस्थितियों में गए और आगे नवजात की देखभाल की जिम्मेदारी किसे सौंपी जाएगी। हालांकि अस्पताल प्रबंधन मामले से अनिभिज्ञता जाहिर कर रहा है।

बदमाश ने थाने के सामने एटीएम कार्ड बदला, ग्रामीण के खाते से 20 हजार रुपए पार, मदद के बहाने युवक ने बदला कार्ड

रीवा । जिले के बैकुंठपुर में एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। यहां बदमाशों ने थाने के ठीक सामने स्थित एटीएम बूथ में पैसे निकालने पहुंचे एक ग्रामीण को निशाना बनाया। मदद करने के बहाने पहुंचे युवक ने पहले एटीएम से पैसे निकालने में सहायता करने का नाटक किया, फिर चालाकी से ग्रामीण का असली एटीएम कार्ड बदलकर उसे दूसरा कार्ड थमा दिया। ग्रामीण को इसकी भनक तक नहीं लगी और कुछ ही देर में उसके बैंक खाते से 20 हजार रुपए निकलने के मैसेज मोबाइल पर आ गए। घटना का पता चलते ही पीड़ित ने आरोपियों का पीछा किया, लेकिन दोनों सफेद रंग की कार में सवार होकर सिरमौर की ओर भाग निकले। पीड़ित ने बैकुंठपुर थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम गुहीया निवासी सुखीनंद यादव रविवार दोपहर करीब 12 बजे बैकुंठपुर थाने के सामने स्थित एटीएम बूथ पर पैसे निकालने पहुंचे थे। उन्होंने एटीएम मशीन में अपना कार्ड लगाया, लेकिन मशीन ने कार्ड स्वीकार नहीं किया। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद एक अज्ञात युवक मदद करने के बहाने उनके पास पहुंच गया।बताया गया कि युवक ने सुखीनंद से उनका एटीएम कार्ड लिया और खुद मशीन में लगाने लगा। इस दौरान उसने ऐसी चाल चली कि ग्रामीण को कार्ड बदले जाने का संदेह तक नहीं हुआ। युवक ने सुखीनंद का असली एटीएम कार्ड अपने पास रख लिया और उसके स्थान पर दूसरा कार्ड उन्हें थमा दिया। इसके बाद उसने कहा कि मशीन कार्ड स्वीकार नहीं कर रही है।बयुवक की बात पर भरोसा कर सुखीनंद ने कार्ड अपने पास रख लिया। उधर, आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ एटीएम बूथ से निकल गया। उस समय तक ग्रामीण को यह अंदाजा नहीं था कि उसके साथ धोखाधड़ी हो चुकी है।

मोबाइल पर आए 10-10 हजार रुपए कटने के मैसेज

एटीएम बूथ से निकलने के कुछ ही देर बाद सुखीनंद के मोबाइल पर बैंक खाते से पैसे निकलने के संदेश आने लगे। मोबाइल पर 10-10 हजार रुपए के दो ट्रांजेक्शन के मैसेज देखकर उनके होश उड़ गए। दोनों ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 20 हजार रुपए निकाले जाने की जानकारी सामने आई। खाते से रकम निकलने के मैसेज मिलते ही सुखीनंद को अपने साथ धोखाधड़ी होने का अंदेशा हुआ। उन्होंने तत्काल एटीएम बूथ के बाहर नजर दौड़ाई तो दोनों संदिग्ध युवक कुछ दूरी पर स्थित यूनियन बैंक के एटीएम से पैसे निकालते दिखाई दिए। पीड़ित को समझते देर नहीं लगी कि मदद के बहाने कार्ड बदलने वाला युवक ही इस धोखाधड़ी में शामिल हो सकता है। सुखीनंद ने शोर मचाते हुए दोनों युवकों को पकड़ने के लिए उनका पीछा किया। हालांकि, आरोपी पहले से खड़ी एक सफेद रंग की कार में सवार हो गए। पीड़ित के अपनी ओर आते देख उन्होंने कार तेज गति से दौड़ा दी और सिरमौर की दिशा में फरार हो गए।

अल्ट्राटेक प्लांट में चोरी, कंपनी का कर्मचारी निकला गिरोह का सरगना, 90 हजार का कबाड़ बरामद

रीवा। शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र के ग्राम बैजनाथ स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में चोरी के मामले का नौबस्ता चौकी पुलिस ने खुलासा किया है। प्लांट के स्टोर रूम से करीब 90 हजार रुपये कीमत का पुराना लोहे का सामान चोरी होने की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने बैजनाथ गांव में दबिश देकर चोरी गया सामान बरामद कर लिया। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे केंद्रीय जेल रीवा भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, चोरी की वारदात में अल्ट्राटेक कंपनी के एक कर्मचारी की भूमिका सामने आई है, जिसे गिरोह का सरगना बताया जा रहा है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, ग्राम बैजनाथ निवासी राघवेंद्र त्रिपाठी (55) ने 23 अक्टूबर 2026 को नौबस्ता चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 22 अक्टूबर की दरमियानी रात अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के



मंगलम बिल्डिंग के पीछे बने स्टोर रूम में रखा पुराना लोहे का कबाड़ चोरी हो गया है। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 90 हजार रुपये बताई गई।शिकायत के आधार पर चोरहटा थाना प्रभारी निरीक्षक पवन शुक्ला के मार्गदर्शन में नौबस्ता चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक घनश्याम मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों की जानकारी जुटाने के साथ ही संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बैजनाथ में अंकित केवट के घर के पास अल्ट्राटेक प्लांट से चोरी गया लोहे का सामान रखा हुआ है। सूचना की तस्दीक के लिए नौबस्ता चौकी पुलिस टीम मौके पर पहुंची। तलाशी के दौरान वहां से चोरी गया सामान बरामद किया गया, जिसे गवाहों की मौजूदगी में जब्त कर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। बरामदगी के बाद पुलिस ने चोरी में शामिल आरोपियों की पहचान करने के लिए पूछताछ और पतासाजी तेज कर दी। इसी क्रम में 24 अक्टूबर को संदेही द्वारिका केवट उर्फ इंदर (53), निवासी ग्राम बैजनाथ को दस्तयाब कर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे केंद्रीय जेल रीवा भेज दिया गया।बॉक्स *पेड़ काटने की मशीन से लेकर लोहे के पाइप तक जब्त*पुलिस ने चोरी के मामले में कुल करीब 90 हजार रुपये कीमत का सामान बरामद किया है। जब्त सामग्री में पेड़ काटने वाली मशीन, ग्राइंडर मशीन, लोहे के पट्टा रोलर, एल्युमिनियम पैनल, पैनल कवर, सेटरिंग प्लेट, गेट की जाली और केबल कवर शामिल हैं। इसके अलावा लोहे के एंगल, सेटरिंग जाली, करीब 20 फीट लंबे दो जीआई पाइप, चौड़े एंगल, भाड़ा जाली, केसिंग के छोटे टुकड़े, सेटरिंग के 36 छोटे पाइप, लोहे के छोटे-बड़े करीब 50 पाइप टुकड़े और लोहे का हथौड़ा भी बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक, बरामदगी के बाद चोरी गए सामान को जब्ती पत्रक के माध्यम से विधिवत जब्त किया गया।

मिट्टी के पोषक तत्व और गुण बताता है मृदा स्वास्थ्य कार्ड

रीवा । भारत सरकार द्वारा स्वाइल हेल्थ कार्ड यानी मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत किसान सिंचित क्षेत्र में 2.5 एकड़ तथा असिंचित क्षेत्र में 10 एकड़ क्षेत्र से मिट्टी का नमूना लेकर उसकी जाँच कराते हैं। यह जाँच कृषि विभाग द्वारा की जाती है। कृषि विभाग द्वारा मिट्टी के नमूने लिए जाने पर इसकी जाँच पूरी तरह से निःशुल्क रहती है। यदि किसान स्वयं सेंपल लेकर जाता है तो मिट्टी के नमूने की जाँच के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति के किसान को तीन रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसान को पाँच रुपए प्रति नमूना शुल्क देना होता है। मिट्टी में माइक्रो न्यूट्रेंट की जाँच कराने के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों को 30 रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसानों को 40 रुपए शुल्क देना होता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसान को उसके खेती की मिट्टी के गुणों तथा पोषक तत्वों की जानकारी मिलती है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि मिट्टी के पोषक तत्व के आधार पर किसान को उचित फसल की सलाह दी जाती है। मिट्टी में यदि पोषक तत्व की कमी है तो उसके अनुरूप उर्वरक के उपयोग का सुझाव दिया जाता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसान के खेत की मिट्टी का रिपोर्ट कार्ड है। इस कार्ड में किसान का नाम, सर्वे नम्बर, खेत का रकबा आदि लिखा रहता है। प्रत्येक तीन साल में मिट्टी की जाँच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दर्ज कराना आवश्यक है। हर किसान अपने प्रत्येक खेत की मिट्टी की जाँच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड अवश्य बनवाएं। इससे सही फसल के चयन, खाद के संतुलित उपयोग और जल प्रदूषण से बचाव मं सहायता मिलती है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रत्येक किसान के लिए बहुत उपयोगी है।

परसौना दुर्गा मंडप में विशाल भण्डारा संपन्न



सिंगरौली। हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी नव दुर्गा पुजा उत्सव समिति नव युवक मण्डल परसौना तथा पाण्डेय परिवार द्वारा दुर्गा पुजा का आयोजन परसौना चौराहे पर किया गया था,जिसका विशाल भंडारा संम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के आयोजक पत्रकार महासंघ के जिलाध्यक्ष व दैनिक हरिभूमि अखबार के ब्यूरो प्रमुख राकेश चन्द्र पाण्डेय ने भण्डारे मे आये हुए सभी अतिथियों तथा भक्तगणो का आभार प्रकट किया। भण्डारे मे आये हुए अतिथियों जिसमे प्रमुख रूप से सिंगरौली रियासत के राजा व खनिज निगम के पुर्व अध्यक्ष श्री बी पी सिंह जी राजा बाबा,देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम जी, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह जी, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान जी,पुर्व मंत्री वंशमणि प्रसाद वर्मा जी,पुर्व विधायक राम लल्लू बैश्य जी,नगर निगम के अध्यक्ष देवेश पाण्डेय जी, पुर्व जिलाध्यक्ष गिरीश द्विवेदी जी, पुर्व महापौर रेनू शाह जी, प्रदेश उपाध्यक्ष राम शिरोमणि शाहवाल जी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेंद्र पाठक दरोगा जी, वरिष्ठ पत्रकार व भाजपा नेता केसी शर्मा जी,मुकेश चन्द्र पाण्डेय जी,जीएस प्लाजा होटल के मालिक सुरेश अग्रहरी जी,वरिष्ठ कांग्रेस नेता बालमुकुंद सिंह परिहार जी, मनोज दुबे जी जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस, ललित सिंह जी,अरविन्द दुबे जी वरिष्ठ भाजपा नेता , विनोद सिंह कुरुवंशी जी मण्डल अध्यक्ष ,सीपी शुक्ला जी,गिरिजा पाण्डेय जी एल्डरमैन,गुंजारी लाल तिवारी जी,विश्वजीत सिंह जी मैनेजर पी सी पटेल,बी एन त्रिपाठी जी एड ,राजकुमार दुबे जी एडवोकेट एवं भाजपा नेता,सुरेश दुबे जी,अशोक शाह जी पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष,दिग्विजय सिंह जी जिलाध्यक्ष करणी सेना,राजेश दुबे जी जिलाध्यक्ष ब्राम्हण एकीकृत परिषद, सुरेश तिवारी जी अमृत विद्यापीठ, मिश्रा जी,प्रदीप शाह जी वरिष्ठ अधिवक्ता व जिला उपाध्यक्ष भाजपा,प्रेम प्रकाश सिंह सिसोदिया जी सोनू भाई जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस,सुदामा कुशवाहा जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग,पार्षद दद्दोली शाह जी, राम निवास तिवारी जी,संदीप चौबे जी, अरुण चौबे जी,मुकेश तिवारी जी,रामसागर शाह जी,उपेंद्र शुक्ला जी,अशोक पाण्डेय जी विमल म्यूजिक,संतोष तिवारी जी, शिव प्रसाद दुबे, अशोक दुबे जी कुशमहरा, वरिष्ठ पत्रकार एन के दीक्षित जी, धनराज गेहानी जी,संतोष द्विवेदी जी,पंचराज सिंह जी,दिनेश पाण्डेय जी,अमित सिंह परिहार जी, आशीष तिवारी जी,विवेक त्रिपाठी जी,राज द्विवेदी जी,सुरेश पाण्डेय जी फौजी, रूपेश चतुर्वेदी जी, शशिकांत कुशवाहा जी,अजय दुबे जी, सचेन्द्र दुबे जी,अनिल सिंह सोनू जी, विजय वर्मा जी,अजय शर्मा जी, संतोष शुक्ला जी,शिव प्रसाद विश्वकर्मा जी,हिंडालको से संजय सिंह जी, बीरेंद्र पाण्डेय जी, विजय बैस जी, चंद्रा कंपनी से एस सी बाजपेई जी, जीएसको कंपनी से संजय मौर्या जी,सिक्कल कंपनी के शेखर सिंह जी,राम दयाल शाह जी,आशुतोष शाह जी,चंद्र प्रताप पाण्डेय जी एडवोकेट सेल टैक्स, एसडीओ आर एस सिंह, इंजिनियर अवधेश शर्मा जी,राजेश पाण्डेय जी सहायक सचिव, अरविन्द तिवारी जी सहायक सचिव,अनूप पाण्डेय जी भाजपा नेता, आशीष पाण्डेय,समिति सेवक राधेश्याम शाह जी, कृष्ण कुमार द्विवेदी जी,खुटार चौकी के स्टॉफ सहित दो हजार श्रद्धालुओं ने आकर माताजी का महाप्रसाद लिया।

हिनौती में वित्तीय साक्षरता का हुआ आयोजन

मऊगंज। जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी की ग्राम पंचायत हिनौती की सचिव प्रभा तिवारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 हिनौती में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि एलडीएम मऊगंज ज्योत्सना अग्रवाल रही वही कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं वरिष्ठ नागरिक गोपिका प्रसाद तिवारी ने किया वही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर असिस्टेंट काउंसलर (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र एवं आशा सुपरवाइजर सविता पटेल उपस्थित रहे वही कार्यक्रम का सफल संचालन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निर्मला वर्मा ने किया सर्वप्रथम कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ने उपस्थित जनों का अभिवादन किया तत्पश्चात सरकार द्वारा संचालित बैंकिंग योजनाओं के बारे में बिंदु बार जानकारी दी उन्होंने कहा कि किसी भी शासकीय योजना का लाभ लेने के लिए बैंक में खाता होना बहुत आवश्यक है इसलिए जिसका बैंक में खाता नहीं खुला है तत्काल अपने नजदीकी शासकीय बैंक में खुला लें और जिनका खुला है तो अपनी केवाईसी डीबीटी नॉमिनी और मोबाइल नंबर जरूर अपडेट कर लें ताकि जो शासकीय लाभ आपको मिल रहा है वह निरंतर मिलता रहे इसके साथ-साथ जो बैंक में आपका खाता खुला है तो सभी हितग्राहियों के लिए सरकार द्वारा बीमा की भी व्यवस्था की गई है ताकि आपके ना रहने पर आपकी आर्थिक कमी को कुछ हद तक पूरा किया जा सके जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा जिनकी उम्र 18 वर्ष से 70 वर्ष के बीच है सभी लोग करा सकते हैं साल भर में मात्र 20 आपके खाते से कटेंगे और 200000 का दुर्घटना बीमा होगा जो कि यह गरीब परिवार के लिए बहुत बड़ी रकम होगी इसी तरह से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा बीमा परिवार के लिए होती है तथा पेंशन अपने लिए होती है इसलिए शासन द्वारा सभी बैंकों में अटल पेंशन योजना की व्यवस्था की गई है इसलिए जिसका जिस बैंक में खाता है और 18 साल से 40 साल के बीच है जरूर अपनी पेंशन कर ले ताकि बुढापा आने पर आपके जीवन पर्यंत पेंशन मिलती रहे 60 वर्ष तक पैसा आपके खाते से कटेगा और 60 वर्ष के बाद पेंशन चालू जब तक आवेदक जीवित रहेगा कब तक पेंशन उसके बाद नॉमिनी को पेंशन और दोनों लोगों के न रहने पर बच्चों को 850000 नगद दिए जाएंगे इसी तरह से एजुकेशन लोन की व्यवस्था सभी बैंकों में है जिन छात्र एवं छात्राओं का कक्षा 12 में 85% से ऊपर रिजल्ट है और उनके



माता-पिता के पास कोई शासकीय नौकरी और जमीन न के बराबर है ऐसे छात्र एवं छात्राएं जिसका जिस बैंक में खाता है वहां जाकर जरूर आवेदन करें ताकि उसे पैसे से आप अपनी उच्च शिक्षा की पढ़ाई पढ़ सके आत्मनिर्भर होने के बाद धीरे-धीरे करके बैंक का पैसा अदा करें किसानों के लिए केसीसी की व्यवस्था सभी शासकीय बैंकों में है जिसमें 365 दिन के अंदर यदि जमा कर देते हैं तो मात्र 4% बैंक ब्याज लेती है जो की बहुत ही काम है और दूसरे दिन आप फिर से पैसा ले सकते हैं इसी तरह से फसल बीमा योजना आप फसल बोते हैं पूंजी लगते हैं और कभी ज्यादा बारिश हो गई कभी सूखा पड़ गया और आपकी नुकसान हो जाती है इसलिए फसल बीमा जरूर कर लें ताकि यदि आपकी कोई नुकसान हो तो उसकी भरपाई की जा सके कुछ लोगों का बैंक में खाता था और उसे खाते को भूल गए 10 वर्ष तक लेन देन न करने की वजह से वह पैसा आरबीआई को चला जाता था यदि आप लोगों की जानकारी में है तो अपने संबंधी बैंक में जाकर आवेदन करें और मैं ब्याज सहित पूरा पैसा वापस ले सकते हैं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एलडीएम मऊगंज ने कहा बैंक आपके लिए है शासकीय योजनाएं आप लोगों के लिए है इसलिए जो भी जानकारी दी गई है उसको आप लोग समझ गए होंगे और बैंक से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ ले यही हमारा कहना है जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा साल भर में मात्र 20 जो कि दो कप चाय के बराबर है हर किसी को कर लेना चाहिए इसलिए कि इस जीवन का कोई ठिकाना नहीं है और जब आदमी चला जाता है तो उसके परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है।

पुरवा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर

सड़क, बिजली-पानी और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता पर सवाल; ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों की जमीनी स्थिति की जांच की मांग

मऊगंज। जिले के नईगढ़ी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरवा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थिति को लेकर सामने आई जानकारी ने बुनियादी सुविधाओं, स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति और नियमित संचालन पर सवाल खड़े किए हैं। यह मामला नईगढ़ी क्षेत्र के ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचे की जमीनी स्थिति की समीक्षा की आवश्यकता भी दर्शाता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुरवा का आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुख्य सड़क से लगभग 100 मीटर दूर धान के खेतों के बीच स्थित है। केंद्र तक पहुंचने के लिए सुगम रास्ते की कमी, बिजली-पानी की व्यवस्था और स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित मौजूदगी को लेकर सवाल उठाए गए हैं। यदि ये कमियां जांच में प्रमाणित होती हैं, तो संबंधित विभाग को इनके निराकरण के लिए प्राथमिकता से कदम उठाने चाहिए।

रास्ते के अभाव में मरीजों को परेशानी की आशंका

स्वास्थ्य केंद्र का उद्देश्य तभी पूरा हो सकता है, जब मरीज आसानी से वहां पहुंच सकें। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रूप से बीमार लोगों के लिए केंद्र तक पहुंचने का सुरक्षित रास्ता बेहद जरूरी है।जानकारी के मुताबिक, केंद्र तक पहुंचने के लिए खेतों और कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। बारिश के मौसम में खेतों में पानी भरने की स्थिति में मरीजों को अधिक परेशानी हो सकती है। ऐसे में प्रशासन को स्पष्ट करना चाहिए कि स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने के लिए सार्वजनिक रास्ता उपलब्ध है या नहीं। यदि रास्ते के लिए निजी भूमि से होकर गुजरना पड़ता है, तो उसकी वैधानिक स्थिति की जांच कर स्थायी समाधान तलाशा जाना चाहिए।

स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति पर सवाल

ग्रामीणों की ओर से दावा किया गया है कि केंद्र नियमित रूप से नहीं खुलता और वहां स्वास्थ्य सेवाएं सीमित समय के लिए मिलती हैं। यह भी बताया गया कि सुबह लगभग 11:30 बजे केंद्र पहुंचने पर कोई डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं था।

हालांकि, किसी एक समय पर कर्मचारियों का अनुपस्थित मिलना पूरे महीने की कार्यप्रणाली का प्रमाण नहीं है। इसलिए केंद्र के संचालन की वास्तविक स्थिति जानने के लिए उपस्थिति रजिस्टर, निर्धारित ड्यूटी रोस्टर, ओपीडी रिकॉर्ड, टीकाकरण कार्यक्रम और संबंधित कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति की जांच आवश्यक है।

यदि स्वास्थ्यकर्मी निर्धारित समय पर उपलब्ध नहीं पाए जाते हैं, तो विभाग को नियमानुसार जवाबदेही तय करनी चाहिए, ताकि ग्रामीणों को उपचार के लिए दूर न जाना पड़े।